प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था और अपराध पर जीरो टोलरेंस नीति को सरकार की प्राथमिकता बतायां

- प्रदेश में चार करोड 42 लाख से अधिक लाभार्थी खाद्य सुरक्षा के तहत निशुल्क राशन प्राप्त कर रहे हैं

- अजमेर जिले का केकडी राजस्थान का पहला फ्री वाई–फाई जोन बनां

- समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आज कृतज्ञ राष्ट्र का नमन–प्रदेशभर में पुष्पाजंलि कार्यक्रम और विचार गोष्ठियों का आयोजनं

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था और अपराध पर जीरो टोलरेंस नीति को राज्य सरकार की प्राथमिकता बताया हैं कल जयपुर में पुलिस मुख्यालय में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कीं इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस थाने पर एफआईआर का समयबद्ध अनुसंधान हो और लापरवाही करने पर जिम्मेदारी तय की जायें उन्होंने पुलिस अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर रोजाना जनसुनवाई कर अपराधों और मामलों के निस्तारण की जिलेवार रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिएं श्री शर्मा ने विशेष कार्ययोजना बनाकर मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम करने और सीमावर्ती इलाकों की विशेष निगरानी करने के निर्देश दिएं मीडिया से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि पिछले सवा दो सालों में प्रदेश में अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई हैं

.....

0000

प्रदेश में 93 लाख से अधिक पात्र लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोडा जा चुका हैं जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल के फिर से शुरू होने के बाद और सक्षम व्यक्तियों द्वारा खाद्य सुरक्षा छोडने से एन एफ एस ए में हुई रिक्तियों पर 80 लाख से ज्यादा पात्र वंचितों को खाद्य सुरक्षा से जोडा गयां खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने ये जानकारी दीं उन्होंने बताया कि प्रदेश में 4 करोड 42 लाख से अधिक लाभार्थी निशुल्क राशन प्राप्त कर रहे हैं वहीं पचपदरा रिफाइनरी का जिक्र करते हुए मीडिया से बातचीत में श्री गोदारा ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार ने रिफाइनरी का काम तेजी से पूरा किया हैं इस रिफाइनरी से प्रदेश में आर्थिक तरक्की के नये द्वार खुलेंगे और रोजगार के अवसर बढेंगें

.....

0000

अजमेर जिले का केकडी राजस्थान का पहला फ्री वाई–फाई जोन बन गया हैं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कल केकडी नगर पालिका परिसर में ये घोषणा कीं करीब तीन करोड़ रूपये की लागत से शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर वाईफाई राउटर लगाए गए हैं इससे एक ही समय में करीब पांच हजार से अधिक लोग इंटरनेट से जुड सकेंगे और लोगों को निशुल्क इंटरनेट सेवा उपलब्ध होगीं इस मौके पर श्री खर्रा ने कहा कि आने वाले समय में केकडी डिजिटल सुविधाओं के मामले में एक मॉडल शहर के रूप में पहचान बनायेगां इससे विद्यार्थियों व्यापारियों और आमलोगों को काफी फायदा होगा और वे तकनीकी रूप से सशक्त बनेंगें

.....

0000

प्रदेश का पहला नेट जीरो स्कूल जयपुर जिले के बस्सी क्षेत्र में शुरू किया गया हैं रामसर पालावाला गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को कार्बन न्यूट्रल, वाटर पॉजिटिव और जीरो वेस्ट कैम्पस के रूप में विकसित किया गया हैं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ये पहल महत्वपूर्ण हैं साथ ही ये दूसरे विद्यालयों के लिए प्रेरणा देने वाला मॉडल बनेगां

0000

जैसलमेर में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना ने अभ्यास ब्रम्हास्त्र के तहत अपाचे हेलीकॉप्टर की क्षमता का प्रदर्शन कियां इस युद्धाभ्यास में हेलफायर मिसाइल, 70 एमएम रॉकेट और चेकगन से सटीक निशाने लगाकर दुश्मन के बंकर और टैंकरों को नष्ट करने की क्षमता जांची गयीं सेना के अधिकारियों के अनुसार अपाचे हेलीकॉप्टरों को हवा में टैंक कहा जाता हैं उन्होंने बताया कि इस प्रकार का सजीव फायरिंग प्रदर्शन पहली बार किया गया हैं

0000

केन्द्र सरकार पश्चिम एशिया के बदलती स्थिति के बारे में मीडिया को लगातार सूचित करने के लिए प्रेसवार्ताओं का आयोजन कर रही हैं इनके माध्यम से ऊर्जा, पेट्रोल और एलपीजी स्थिति और समुद्री संचालन के बारे में जानकारी दी जा रही हैं इसी कडी में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल एक प्रेस वार्ता में कहा कि देश में घरेलू एलपीजी और ईंधन की आपूर्ति स्थिर हैं

.....

0000

समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आज राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा हैं 1827 में आज ही के दिन जन्मे महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए योगदान दियां इसके साथ ही उन्होंने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए संघर्ष कियां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर ज्योतिबा फुले को पुष्पांजलि अर्पित कीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश में महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धाजंलि देते हुए कहा कि उन्होंने आजीवन नारी सशक्तिकरण और समाज के वंचित तथा पिछडे वर्ग के उत्थान के लिए काम कियां इस अवसर पर प्रदेश में भी अनेक

कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं अजमेर में वाहन रैली रखी गई हैं वहीं बाडमेर में विचार गोष्ठी और श्रमदान सहित अनेक गतिविधियां हो रही हैं वहीं प्रदेश में अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आज से शुरू हो रही हैं इसी कडी में करौली में भी कई आयोजन होंगें

....

0000

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना" के लिए राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय को थर्ड पार्टी क्वालिटी एश्योरेंस की जिम्मेदारी सौंपी हैं

800 करोड़ रूपये की लागत वाली ये परियोजना करीब दो साल में पूरी की जायेगीं विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर निमित चौधरी ने इसे आर टी यू के लिए गौरव का विषय बताया हैं उन्होंने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से आर टी यू की तकनीकी विशेषज्ञता और विश्वसनीयता को देशभर में पहचान मिलेगीं आर टी यू की दो टीमें इस परियोजना के निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की निगरानी करेगीं

0000